महत्वपूर्ण एवं खास

राज्य लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न : प्रथम पाली में 1449 एवं द्वितीय पाली में 1517 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2021 आज दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न हुई। जिसमें में 6177 परीक्षार्थियों में 4728 उपस्थित रहे एवं 1449 अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई, जिसमें 6177 परीक्षार्थियों में 4660 उपस्थित रहे एवं 1517 अनुपस्थित रहे।

मुड़ापारा कर्राहन से लमडांड एवं कर्राहन से पिपराही चौक तक सड़क निर्माण हुआ शुरू

रायगढ़ । लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार की उपस्थिति में आज लैलूंगा विकासखण्ड अंतर्गत मुड़पारा कर्राहन से लमडांड एवं कर्राहन से पिपराही चौक तक बनने जा रही

नई सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। 8.50 कि.मी.लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ 31 लाख रुपये की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। निर्माण कार्य के अंतर्गत कुल लंबाई में से 7.90 कि.मी.भाग में डामरीकरण एवं 600 मीटर में सीमेंट कांक्रीट का कार्य कराया जाएगा। उक्त मार्ग में वर्षाजल निकासी हेतु 24 नग 01 एमएम के ह्यूम पाईप पुलिया, 3 नग स्लैब कल्वर्ट एवं 500 मीटर आरसीई ड्रेन (60&60) का प्रावधान रखा गया है। डामरीकरण के लिए मार्ग में 250 एमएम जीएसबी, 250 एमएम डब्ल्यूएमएम एवं 50 एमएम बीएम की परत बिछायी जाएगी तथा उसके ऊपर 20 एमएम की एमएसएस लेयर चढ़ाई जाएगी।

आबकारी विभाग की वाहन ने ली नगर सेना के 3 जवानों की जान, मामला दर्ज

बालोद/रायपुर (आरएनएस)। ड्यूटी पर जा रहे बालोद नगर सेना के तीन जवानों को शराब से लदे तेज रफ्तार वाहनने कुचल दिया। घटना शुक्रवार रात करीब 8 बजे जगतरा के पंचायत भवन के सामने की है। नगर सैनिक ग्राम पेन्डरी निवासी वर्षीय पोखनलाल साहू (20) और बाइक में पीछे बैठे ग्रामखुटेरी (खैरुद) निवासी जीवन लाल ठाकुर (53) की मौके पर मौत हो गई। ग्राम कलंगपुर निवासी रतन लाल साहू (61) नेरायपुर ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। जिला सेनानी दिनेश रावटे ने बताया, तीनों मृतक जवानों के परिवार को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी। नगर सेना के तीनों जवानों का शनिवार को उनके गृह ग्रामों में अंतिम संस्कार किया गया। बालोद थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वाहन आबकारी विभाग का है।

कानन पेंडारी चिडिय़ाघर में मादा दरियाई घोड़े 'हिप्पोपोटामस' की मौत

बिलासपुर?/रायपुर,13(आरएनएस)। शहर के कानन पेंडारी चिडिय़ाघर में शनिवार 11 बजे एक मादा दरियाई घोड़े (हिप्पोपोटामस) की अचानक मौत हो गई। उसका नाम सहेली था। उसके मौत की जानकारी कानन के स्टॉफ ने वन विभाग के अफसरों को दी। पशु विभाग के डॉक्टरों को दरियाई घोड़े की मौत के बाद शव परीक्षण के लिए बुलाया गया। उनके द्वारा 3 सदस्यीय टीम गठित की गई। वेटनरी डॉक्टरों ने मौत की वजह हार्ट अटैक बताई।

छत्तीसगढ़ में उद्योग, व्यापार और कारोबार का बना बेहतर वातावरण: मुख्यमंत्री बघेल

❖ छत्तीसगढ़ में तीन वर्षों में 1,715 नये उद्योग स्थापित, 19,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश तथा 33 हजार लोगों को मिला रोजगार

❖ छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन: पांच वर्षों में 15 लाख रोजगार के सृजन का लक्ष्य

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 26वीं कड़ी में आज सुगम उद्योग, व्यापार-उन्नत कारोबार विषय पर प्रदेशवासियों से बात-चीत की। मुख्यमंत्री बघेल की रेडियोवार्ता लोकवाणी की 26वीं कड़ी का प्रसारण आज छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से प्रात: 10.30 से 11 बजे तक किया गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग, व्यापार और कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण है। उन्होंने कहा कि संभावनाओं से भरपूर छत्तीसगढ़ में देश और दुनिया के निवेशक आकर देखें कि यहां उद्योग मित्र, व्यापार मित्र, कारोबार मित्र, उपभोक्ता मित्र, पर्यटक मित्र, रोजगार मित्र नीतियों से कैसे नवा छत्तीसगढ़ गढ़ा जा रहा है। राज्य में हमने शुरू से ही ऐसे कार्यों को महत्व दिया है, जिससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए और रोजगार के अवसर बढ़ें।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारे फैसलों से गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। उसका लाभ उद्योग और व्यापार जगत को मिला। निश्चित तौर पर सबके सहयोग से हम छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने औद्योगिक नीति 2019-2024 की घोषणा की थी, जिसमें फूड, एथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस, दवाए सोलर जैसे नए उद्योगों को प्राथमिकता दी गई थी। हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ में सेवा क्षेत्र को बहुत प्रोत्साहन मिले। इसके लिए पर्यटन के अलावा अन्य कार्यों को भी चिन्हांकित किया गया है। एम.एस.एम.ई.सेवा श्रेणी उद्यमों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, सेवा केन्द्र, बी.पी.ओ., 3.डी प्रिंटिंग, बीज ग्रेडिंग इत्यादि 16 सेवाओं को सामान्य श्रेणी के उद्योगों की भांति औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान हमने देखा कि बहुत से मेडिकल उपकरण तथा सामग्री स्थानीय स्तर पर ही बनाए जा सकते हैं, इसलिए इन्हें भी उद्योगों की भांति औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया है।

औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन नियमों का सरलीकरण किया गया था, जिसके अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन भू-प्रब्याजी में 30 प्रतिशत की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में भू-भाटक में 33 प्रतिशत की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों एवं औद्योगिक क्षेत्रों से बाहर 10 एकड़ तक आबंटित भूमि को लीज होल्ड से फ्री होल्ड किए जाने हेतु नियम तैयार कर अधिसूचना जारी की गई। ऐसे प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ में तीन वर्षों में 1 हजार 715 नए उद्योग स्थापित हुए, जिसमें 19 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ तथा 33 हजार लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा 149 एमओयू भी किए गए हैं, जिसमें 74 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा और 90 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। हमने बायो एथेनॉल प्लांट लगाने के लिए 18 निवेशकों के साथ 3 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के लिए एमओयू किया है, जिसमें 2 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। हमने तो धान से एथेनॉल बनाने की अनुमति भी केन्द्र सरकार से मांगी है। यदि यह अनुमति मिल गई तो धान के बम्पर उत्पादन को सही दिशा में उपयोग करते हुए हम बड़े पैमाने पर एथेनॉल बना सकते हैं और इससे बहुत बड़े पैमाने पर रोजगार का अवसर भी बना सकते हैं। इससे हम धान उत्पादक किसानों को बेहतर दाम दिलाने और उनकी माली हालत में लगातार सुधार के रास्ते भी बना सकते हैं।

हमने अपना वादा निभाते हुए विकासखण्डों में फडपार्क की स्थापना के लिए 110 विकासखण्डों में भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। औद्योगिक नीति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, कृषि उत्पादक समूहों, तृतीय लिंग के लोगों के लिए विशेष पैकेज हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऐसा कोई प्रावधान औद्योगिक नीति में नहीं था। इस दिशा में ध्यान देते हुए ओबीसी प्रवर्ग हेतु 10 प्रतिशत भू-खण्ड आरक्षित किए जाएंगे, जो कि भू-प्रीमियम दर के 10 प्रतिशत दर तथा 1 प्रतिशत भू-भाटक पर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समाज के सभी वर्गों से यह अनुरोध करता हूं कि हमने प्रदेश में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। सभी वर्ग के लोग इन अवसरों का लाभ उठाएं, बड़े पैमाने पर स्वयं भी स्वावलंबी बनें तथा कई लोगों को रोजगार देने का माध्यम भी बनें।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मापदण्डों में हमारा छत्तीसगढ़ देश के प्रथम 6 राज्यों में शामिल है। उद्योग विभाग द्वारा एकल खिड़की प्रणाली से 56 सेवाएं ऑनलाइन दी जा रही हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत 82 सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, जिसमें दुकान पंजीयन से लेकर कारोबार के लायसेंस तक शामिल हैं। हमने गुमाश्ता एक्ट के अंतर्गत हर साल नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त किया ताकि छोटे व्यापारियों को राहत मिले। सरकारी खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए ई-मानक पोर्टल संचालित किया जा रहा है। इस तरह से राज्य में उद्योग, व्यापार और कारोबार का फ्रैंडली वातावरण बना है। इस तरह के सुधार किए जाने से लोगों का काफी समय बच रहा है। पहले जो समय दफ्तरों के चक्कर काटने में बिताना पड़ता था, उसका उपयोग अब लोग अपने काम-धंधे में कर रहे हैं। हमने छोटे भू-खण्डों की खरीदी और बिक्री पर पूर्व में, शासन द्वारा लगाकर रखी गई रोक को हटाने का निर्णय लिया था और कहा था कि इससे भी कारोबार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मैं बताना चाहता हूं कि हमारे इस एक निर्णय से 2 लाख 87 हजार भू-खण्डों के सौदे हुए। एक भू-खण्ड बिकने से क्रेता-विक्रेता के अलावा उस भू-खण्ड को विकसित करने वाले कई लोगों को लाभ मिलता है। सीमेंट, लोहा, भवन सामग्री के विक्रेता, बिजली, नल मिस्त्री, बढ़ई, राजमिस्त्री और कई तरह के काम करने वाले लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। इससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी चलने लगी। यह पैसा बाजार में आया। इसके अलावा हमने महिलाओं के पक्ष में पंजीयन कराने पर स्टाम्प शुल्क में छूट दी है, जिससे 50 हजार 280 पंजीयन पर 37 करोड़ रुपए से अधिक की छूट दी गई है। इस तरह हमारी सरकार की जनहितकारी योजनाओं से बाजार में पैसा भी आया तथा लोगों को रोजगार भी मिला।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कोरोना काल में हमने सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि यहां से गुजरकर दूसरे राज्यों को जाने वाले मजदूरों की भी मदद की है। हमने अपने राज्य के मजदूरों के खाने-पीने, ठहरने, गांवों में क्वारंटाइन होने, जांच और उपचार की व्यवस्था के अलावा उन्हें अपने ही राज्य में रोजगार दिलाने के उपाय किए थे। हमारे बेहतर प्रबंधन को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी। उसी समय हमने घोषणा की थी कि प्रवासी श्रमिकों के लिए नीति बनाएंगे। इस तरह हमने छत्तीसगढ़ प्रवासी श्रमिक नीति 2020 को तैयार कर अधिसूचित किया है। इस नीति के तहत वापस लौटे प्रवासी श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीयन किया गया। पलायन पंजी के ऑनलाइन संधारण की व्यवस्था की गई है। हम संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों के कल्याण की योजनाएं संचालित कर रहे हैं। श्रमिकों के परंपरागत कौशल को नवीन ज्ञान से संवारने हेतु उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। हम छत्तीसगढ़ में ऐसे अवसर पैदा कर रहे हैं कि हमारे प्रदेश के श्रमिकों को अन्य प्रदेशों में जाना ही नहीं पड़े। उनका कौशल और मेहनत राज्य के विकास के काम आए। भारत सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों के पंजीयन के लिए जो ई-श्रम पोर्टल बनाया गया है। उसमें भी हमने 64 लाख श्रमिकों का पंजीयन करते हुए देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। हमने कारखाना अधिनियम के तहत कामगारों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दी है। इसके अलावा दो नई योजनाओं की घोषणा 26 जनवरी के अवसर पर की है। प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

श्रमिक परिवारों की बेटियों की शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों के बैंक खाते में 20-20 हजार रुपए की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। विगत तीन वर्षों में एक ओर जहां नक्सलवाद और उसकी हिंसक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है वहीं दूसरी ओर उद्योग, व्यापार और कारोबार में लगे लोगों को यह विश्वास हुआ है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए उत्साहजनक वातावरण निर्मित हुआ है, जिससे हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने अधोसंरचना विकास के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है। प्रदेश में 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत से सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर काम चल रहा है। प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए केलो परियोजना, खारंग परियोजना, मनियारी परियोजना, अरपा भैंसाझार परियोजना को इस वर्ष पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा हमने अनेक व्यावहारिक उपाय करते हुए मरम्मत व अन्य तरीकों से वास्तविक सिंचाई क्षमता को दोगुना कर दिया है। हमने विगत तीन वर्षों में डॉक्टरों तथा मेडिकल स्टाफ की संख्या लगभग दोगुनी कर दी है। विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों से स्थानीय युवाओं को जोडऩे के लिए हमने ई-श्रेणी पंजीयन की व्यवस्था की है, जिसमें विकासखण्ड स्तर पर 5 हजार युवाओं का पंजीयन किया गया है और उन्हें 200 करोड़ रूपए से अधिक लागत के काम सीमित प्रतियोगिता के आधार पर दिए गए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण अधोसंरचना के विकास के लिए सुराजी गांव योजना संचालित की जा रही है। नरवा, गरुवा, घुरुवा और बारी के विकास से बहुत बड़े पैमाने पर ग्रामीण कारोबार के अवसर बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए चार तरह के संसाधनों का सबसे ज्यादा योगदान हो सकता है। पहला खनिज, दूसरा कृषि, तीसरा वानिकी और चौथा मानव संसाधन। खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए पूर्व में अनेक प्रयास हुए हैं लेकिन उनकी अपनी सीमाएं भी हैं। कृषि, वन और मानव संसाधन की भागीदारी को बहुत बड़े पैमाने में बढ़ाने की संभावनाएं हैं, जिस पर पहले गंभीरता से काम नहीं किया गया। दशकों से कृषि के नाम पर धानए वन के नाम पर तेन्दूपत्ता और मानव संसाधन के नाम पर सीमित सरकारी नौकरियों से अधिक की सोच नहीं रखी गई। हमने पूरी रणनीति ही बदल दी है। खनिज आधारित उद्योगों के स्थान पर ऐसे उद्योगों को प्राथमिकता दी गई जिससे पर्यावरण प्रभावित न हो। कृषि और वानिकी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। एक ओर धान की खेती करने वाले किसानों का मनोबल बढ़ाया वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक फसलों के प्रति भरपूर जागरुकता पैदा की गई। हम बरसों से यह सुनते आए थे कि धान और गरीबी का चोली-दामन का साथ होता है। हमने इस कहावत को झुठला दिया है। अब हमारे धान उत्पादक किसान भी समृद्ध हैं। यही वजह है कि प्रदेश में धान की उत्पादकता और उत्पादन में रिकार्ड तोड़ वृद्धि हुई है। वहीं हर साल समर्थन मूल्य पर खरीदी का भी नया कीर्तिमान बना है। वर्ष 2017-18 में सिर्फ 15 लाख 77 हजार पंजीकृत किसान थे, जो अब बढ़कर 22 लाख 66 हजार हो गए। इसमें से 21 लाख 77 हजार किसानों ने धान बेचा है। खेती का रकबा 22 लाख से बढ़कर 30 लाख 11 हजार हेक्टेयर हो गया। धान की खरीदी 56 लाख 88 हजार से बढ़कर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन हो गई। इसके अलावा मक्का, गन्ना, तिलहन, दलहन, लघु धान्य फसल, उद्यानिकी फसलों का विकास भी तेजी से हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शिक्षित और युवा किसान भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जो नई-नई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, जिसके नतीजे आने वाले समय में दिखाई देंगे। इस तरह छत्तीसगढ़ के खेत अपने आप में उद्यम बन गए हैं। चाय, कॉफी, काजू, फल, फूल की खेती लगातार बढऩे के साथ ही प्राकृतिक रेशों से धागे बनाने का काम भी हो रहा है। इतना ही नहीं, फूड प्रोसेसिंग को भी नई ऊंचाई पर ले जाने का कौशल हमारे ग्रामीण भाई-बहनों ने दिखाया है। हमारे नेता और सांसद राहुल गांधी जी ने 3 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान ऐसे नए किसानों और उद्यमियों से भेंट की तथा उनके उत्पादों की दिल खोलकर तारीफ भी की। इसी तरह छत्तीसगढिय़ा भाई-बहनों के हाथों के हुनर ने भी खूब तारीफ बटोरी। राहुल गांधी ने खुले मंच से कहा कि छत्तीसगढ़ के उत्पाद अब देश और दुनिया में भेजे जाने चाहिए। वन संसाधनों की बात करें तो पहले मात्र 7 लघु वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाती थी।

तहसील कार्यालय में मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 11.02.2022 को तहसील कार्यालय रायगढ़ में मारपीट मामले में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा एक आरोपी- भुवन लाल साव पिता स्वर्गीय लालाराम साव उम्र 57 वर्ष निवासी पंजरीप्लांट चक्रधरनगर शिव मंदिर के पास थाना चकरनगर को गिरफ्तार कर माननीय विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) रायगढ़ के न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। चक्रधरनगर पुलिस अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

ज्ञात हो कि तहसील कार्यालय रायगढ़ में मारपीट को लेकर दिनांक 11.02.2022 को तहसील कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 द्वारा वकील जितेन्द्र शर्मा, महेश पटेल, दीपक मोडा तथा अन्य के विरूद्ध गाली गलीच मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने संबंधी दिये गए लिखित आवेदन पर थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 89/2022 धारा 186, 294, 332, 353, 34 भादवि, 3(2)(va) SC /ST ACT का अपराध जितेन्द्र शर्मा, महेश पटेल, दीपक मोडा व अन्य पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान पीड़ित एवं गवाहों के कथन पर मामले में पांच से अधिक आरोपियान होना बताए जाने पर प्रकरण में धारा 34 भादवि हटाकर, धारा 147 भादवि विस्तारित किया गया है, अन्य फरार आरोपियों की चक्रधरनगर पुलिस द्वारा सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

भुवन लाल साव की गिरफ्तारी है एकतरफा कार्यवाही- अधिवक्ता संघ

रायगढ़। जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ की गठित संघर्ष समिति के प्रमुख सुभाष नंदे, अशोक पटनायक और विजय सर्राफ की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संघ के सदस्य भुवन लाल साव अधिवक्ता की गिरफ्तारी को एक तरफा बताते हुए घोर आपत्ति की है। पुलिस की इस कार्यवाही से पूरा अधिवक्ता संघ आक्रोशित है अधिवक्ता संघ की ओर से संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्यों सहित पूरे सदस्यों ने इस कार्यवाही को दुर्भावना पूर्वक बताते हुए कड़ी निंदा की है। अधिवक्ता संघ एवं पीडि़त सदस्य जितेन्द्र शर्मा के आवेदन पर पुलिस द्वारा दिये गये २४ घंटे के अंदर कार्यवाही के आश्वासन के बावजूद उस पर कोई कार्यवाही न कर अधिवक्ता सदस्य को गिरफ्तार करना इस बात का प्रमाण है कि पुलिस प्रशासन के दबाव में काम कर रही है। पुलिस के इस पक्षपात पूर्ण रवैये पर अधिवक्ता संघ ने घोर आपत्ति जताई है। पुलिस द्वारा अधिवक्ता संघ के सदस्यों पर बिना जांच के ही अपराध दर्ज कर उनके घरों में ऐसे छापामार कार्यवाही कर रही है कि जैसे मानों कि वे जरायमपेशा हों। संघ के सदस्यों को जिन्हें बिना जांच और गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, उनके घरों में देर रात पुलिस बल पहुंचकर उनके साथ अभद्रता करने की बात सामने आयी है। ऐसी स्थिति में पुलिस की इस कार्यवाही क्या समझा जावे। वहीं एक सदस्य भुवन लाल साव अधिवक्ता जो संघ के सीधे और सरल व्यक्ति हैं को बिना कारण के गिरफ्तार कर तहसीलदार और प्रशासन को प्रसन्न करने में जुटी नजर आ रही है। जिसे अधिवक्ता संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। पुलिस और प्रशासन ऐसी स्थिति निर्मित कर अधिवक्ता संघ को उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रही है।

प्रतिबंधित नशीला पदार्थ के साथ 2 गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। सिविल लाइन पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाकर 2 अलग मामलो में दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से मोटर साइकल समेत 3 किलो गांजा, नशीली टेबलेट, और प्रतिबंधित सिरप बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार दो अलग-अलग मामलों में एनड़ीपीएस की कार्यवाही की गई है। सिविल लाइन पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर मगरपारा चौक के पास से लखन उर्फ कुर्रे नामक को मोटरसाइकिल में गांजा रखकर बिक्री करते ग्राहक तलाशते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 किलो गांजा बरामद किया गया। मोटरसायकल को भी जब्त किया गया।आरोपी को एनडीपीएस का अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया।

एक अन्य मामले में सिविल लाइन पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रिंग रोड नंबर 2 के पास नशीली प्रतिबंधित दावा की बिक्री करने ग्राहक तलाशते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 680 नग नाइट्रावेट 10, 480 नग नाइट्रोसन -10 और 17 नग प्रतिबंधित सिरप को बरामद किया गया।

बरामद सामान की कीमत करीब 10 हजार रुपयों से अधिक है। पूछताछ के दौरान् आरोपी ने अपना आकाश राव निवासी कोशगाई मन्दिर के पास रतनपुर होना बताया। एनडीपीएस का अपराध दर्ज कर आरोपी कोजेल दाखिल कराया गया है।

पकड़े गए आरोपियों के नाम

1)लखन कुर्रे उर्फ छोटू पिता गोविंद कुर्रे उम्र 18 साल वर्ष निवासी जरहाभाटा

2) नोम उर्फ आकाश राव पिता परदेसी राव निवासी रामनगर जगाई मंदिर के पास रतनपुर।

ट्रेफिक सिपाही से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (आरएनएस)। शहर में उस समय सनसनी फैल गई , जब शहर के बीचोबीच ट्रेफिक आरक्षक पर तीन युवको ने मारपीट व हमला कर दिया और घटना स्थल से फरार हो गए। राजनांदगांव शहर में अपराधियो के हौसले इतने बुलंद हैं की आज उन्होंने राजनांदगांव ट्रेफिक विभाग के आरक्षक पर आज तीन युवको ने हमला कर दिया ट्रेफिक नियमो का उलंघन करने की बात को लेकर बहस होने के बाद अचानक तीनो युवक नशे की हालत मे ट्रेफिक आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा के उपर हमला कर फरार हो गए , रुपेन्द्र वर्मा ने तत्काल इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस और ट्रेफिक विभाग को दी और शहर में वायरल विडियो के आधार पर तत्काल तीनो हमलावर युवको महावीर , प्रभु , शेख शहबाज को गिरफतार कर लिया गया है। पहले भी शेख शहबाज पर लूट की घटना को अंजाम देने का अपराध दर्ज है।

चार जुआरियों के दांव पर लगे 80 हजार रूपये और 3 मोटर साइकल जब्त

❖ कोसीर थाना अन्तर्गत ग्राम बटाउपाली में जुआ रेड की कार्रवाई

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र अन्तर्गत अवैध शराब, कबाड़ एवं जुआ सट्टा के संचालन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने निर्देशित किया गया है। सामाजिक बुराई जुए की लत से लोगों को बचाने पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा प्रभारियों को अपने क्षेत्र तथा सीमावर्ती थाना क्षेत्र में भी जुए की फड पर संबंधित थानाक्षेत्र से सामंजस्य बिठाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में दिनांक 12.02.2022 के शाम वरिष्ठ अधिकारियों से मिले सूचना पर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा थाना सारंगढ़ एवं कोसीर स्टाफ की संयुक्त टीम बनाकर कोसीर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बटाउपाली के जुआ फड पर सुनियोजित तरीके से रेड कार्रवाई किया गया। इस दौरान बटाउपाली मुडा तालाब में 52 पत्ती ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआडियान को घेराबंदी कर जुआ फड पर जुआ खेलते पकडा गया। मौके पर जुआडियान 01. फिरत रत्नाकर पिता संजीवन रत्नाकर उम्र 34 वर्ष साकिन बटाउपाली 02. नरेन्द्र चौहान पिता संतूराम चौहान उम्र 27 वर्ष साकिन कुटेला सारंगढ 03. मनोज देवांगन पिता हरीशरण देवांगन उम्र 30 वर्ष साकिन सरबटीयापारा सारंगढ 04. संजय जायसवाल पिता चंद्रिका जायसवाल उम्र 31 वर्ष साकिन झरियापारा सारंगढ के फड एवं पास से जुमला रकम 80,000/- रूपये , 52 पत्ती तास के दो गड्डी एवं एक बोरी तथा फड के पास खड़े आरोपियों के 03 मोटरसाइकिल गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। चारों आरोपियों पर थाना कोसीर में धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आने वाले समय में जुआ की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेड कार्यवाही की जावेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480